# रीवा में एक साथ चार बड़े संविदाकारों के यहां ईडी का छापा

## सुबह से शुरू हुई कार्यवाही 12 घंटे तक चली, केके सोहगौरा के यहां से 12 लाख और जमीन के दस्तावेज किये गये जब्त, मचा हड़कम्प

नवभारत न्यूज

**रीवा, 19 जून, प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) की टीम ने शुक्रवार की सुबह 6 बजे एक साथ शहर के बड़े संविदाकारों एवं क्रेशर संचालक के यहा छापामार कार्यवाही शुरू की. इस कार्यवाही से जिले भर में हडकम्प मच गया है. अलग-अलग टीम सभी के यहा आय-व्यय से जुड़े दस्तावेज खंगाली. शाम 7 बजे तक ईडी की कार्यवाही चलती रही. चर्चित ठेकेदार के.के सोहगौरा के यहां 12 घंटे चली कार्यवाही के दौरान 12 लाख नगद एवं जमीन से जुड़े दस्तावेज जप्त किये गये है.**





भारी पुलिसबल के साथ सभी जगह एक साथ ईडी ने दबिश देकर कार्यवाही शुरू की. स्थानीय पुलिस को भी इसकी भनक नही लग पाई. सुबह लगभग 6 बजे ईडी ने पद्मधर कालोनी स्थित संविदाकार एवं क्रेशर संचालक के.के सोहगौरा के घर एवं कार्यालय में दबिश दी. जब लोग सो कर नही उठे उसके पहले ईडी की दबिश शुरू हो गई. के.के सोहगौरा के यहा लालता सदन में 6 सदस्यीय टीम कार्यवाही करने पहुंची. बाहर मुख्य द्वार को बंद कर दिया गया जिसके कारण अन्य परिजन अंदर नही जा सके. बाहर परिजन एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे. कार्यवाही के दौरान परिजनो ने अधिकारियों से पहचान पत्र दिखाने की मांग की. हालाकि ईडी की टीम ने कार्यवाही जारी रखी. इसी तरह शहर के इंदिरा नगर स्थित संविदाकार त्रिवेणी प्रसाद मिश्रा के घर में ईडी की दूसरी टीम ने सुबह से कार्यवाही शुरू की. क्रय-विक्रय एवं आय-व्यय से जुड़े लेनदेन के रिकार्ड खंगाले जा रहे है. तीसरे चर्चित संविदाकार एवं भाजपा नेता राम सज्जन शुक्ला के जनता कालेज अनंतपुर स्थित निवास और कार्यालय में ईडी ने दबिश दी. माना जा रहा है कि डामर और लोहे के कारोबार से जुड़ी अनियमितता को लेकर ईडी की यह कार्यवाही हुई है. ईडी के अधिकारियों ने कुछ भी बताने से इनकार किया, दस्तावेज एवं अन्य सामग्री जप्त कर ले गये.

**जमीन से जुड़े कागज और पैसे ले गई टीमः संविदाकार** -वरिष्ठ संविदाकार के.के सोहगौरा ने 12 घंटे चली कार्यवाही के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि सुबह उनके यहा शस्त्र बल के साथ ईडी की 6 सदस्यीय टीम ने कार्यवाही की. 12 घंटे तक हमारा परिवार घर के अंदर ही कैद रहा, कार्यवाही के बाद जमीन से जुड़े कागजात और 12 लाख रूपये नगद टीम लेकर गई है. उन्होने बताया कि 5 लाख मेरे बहू के थे और मैं इतना बड़ा ठेकेदार हूं 150 कर्मचारी है तो क्या दस लाख घर में नही रख सकता और 35 करोड़ की बैंक लिमिट है. डामर की अनियमितता के सवाल पर श्री सोहगौरा ने बताया कि उन्होने पूरे कागज लगाए है, अधिकारियों की रिपोर्ट लगी है तो अनियमितता कैसे हो सकती है. यह कार्यवाही क्यो हुई मेरे समझ से परे है.

### मैहर सीमेंट पाइप इंडस्टीज में छापा

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिल्पी प्लाजा के सामने स्थित मैहर सीमेंट पाइप इंडस्ट्रीज, एसपी सीमेंट प्राइवेट लिमिटेड में सुबह दबिश देकर कार्यवाही शुरू की. पुलिस के साथ पहुंची ईडी की टीम ने लेनदेन से जुड़े दस्तावेज खंगाले. संचालको को टीम के पहुंचने की भनक तक नही लगी. मैहर सीमेंट एवं एसपी सीमेंट के संचालक बड़े संविदाकार एवं कारोबारी है. आर्थिक अनियमितता से जुड़े मामले को लेकर ईडी ने कार्यवाही की. ईडी के अधिकारियों ने कार्यवाही को लेकर कुछ भी बताने से इनकार किया है.

### टीम को विरोध का करना पड़ा सामना

पद्मधर कालोनी स्थित के.के सोहगौरा के घर में लगभग 12 घंटे तक 6 सदस्यीय ईडी की टीम कार्यवाही करती रही. शाम को 7 बजे के बाद जब टीम वापस घर से निकलने लगी तो उसे स्थानीय लोगो के विरोध का सामना करना पड़ा. वही ईडी की टीम ने मीडियाकर्मियों से कोई चर्चा नही की और सुरक्षा घेरे के साथ गाड़ी में बैठकर रवाना हो गई. सबसे ज्यादा देर तक के.के सोहगौरा संविदाकार के यहा कार्यवाही चली. लैपटाप एवं मोबाइल जप्त करने के दौरान विरोध हुआ.

# कलेक्टर-एसपी ने नीट परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

## परीक्षा कल, व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 19 जून। आज कलेक्टर गौरव बैनल और एसपी ने संयुक्त रूप से विभिन्न नीट परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। प्रशासनिक टीम द्वारा केन्द्रीय विद्यालय शाउमावि जयंत, पीएम शाउमावि विंध्यनगर तथा शासकीय उत्कृष्ट उमावि बैढ़न परीक्षा केंद्रों का बारीकी से जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा प्रबंधों, बैठक व्यवस्था और प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा की।**



उन्होंने सभी केंद्र प्रभारियों को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के दिशा-निर्देशों और प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने परीक्षा की गोपनीयता और पारदर्शिता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षार्थियों के प्रवेश के समय मेटल डिटेक्टर से सघन जांच और बायोमेट्रिक सत्यापन की प्रक्रिया में कोई चूक नहीं होनी चाहिए। भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए कलेक्टर ने सभी केंद्रों पर ठंडे पेयजल, पर्याप्त रोशनी, चालू पंखों और छायादार प्रतीक्षा कक्ष जैसी मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने को कहा। सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए एसपी ने परीक्षा केंद्रों के बाहर और आसपास के क्षेत्रों में कड़े सुरक्षा घेरे बनाने के आदेश दिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा के दौरान केंद्रों के नजदीक अनधिकृत व्यक्तियों की आवाजाही और भीड़भाड़ पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आगामी 21 जून रविवार को आयोजित होने वाली री-एग्जामिनेशन नीट यूजी 2026 परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले के अंतर्गत निर्धारित 4 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा पेन एवं पेपर मोड में दोपहर 2 बजे से सायं 5:15 बजे तक आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा के सुचारू, निष्पक्ष और व्यवस्थित संचालन के लिए कलेक्टर गौरव बैनल द्वारा कार्यालय कलेक्टर के कक्ष क्रमांक 35 में एक विशेष जिला परीक्षा कंट्रोल रूम का गठन किया गया है।

### कंट्रोल रूम बनाया गया

इस जिला परीक्षा कंट्रोल रूम के सफल संचालन की जिम्मेदारी सौंपते हुए संजीव कुमार पाण्डेय संयुक्त कलेक्टर नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही कंट्रोल रूम की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए दो अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। इनमें सहायक ग्रेड-3 भानु प्रकाश सिंह और डाटा इन्ट्री ऑपरेटर देवेन्द्र कुमार पाण्डेय शामिल हैं। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार ये सभी कर्मचारी परीक्षा दिनांक 21 जून को दोपहर 12 बजे से परीक्षा के समापन तक जिला परीक्षा कंट्रोल रूम के कक्ष क्रमांक 35 में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर अपनी सेवाएं देंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

# जिले में ईडी की दबिश से मचा हड़कंप

## दो ठिकानों पर चली कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सीधी, 19 जून. जिले में शुक्रवार अल सुबह प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) की टीम ने दो अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर दिनभर चर्चाओं का बाजार गर्म कर दिया।**


ईडी की कार्रवाई शहर के शास्त्री नगर में एक स्टोन क्रेशर कारोबारी तथा कमर्जी थाना क्षेत्र के बढ़ौना गांव में स्वामी चरण सिंह के घर पर की गई। सुबह-सुबह केंद्रीय एजेंसी की टीम के पहुंचते ही संबंधित क्षेत्रों में हलचल मच गई और बड़ी संख्या में लोग गतिविधियों पर नजर बनाए रहे। सूत्रों के अनुसार ईडी के अधिकारी पूरी गोपनीयता के साथ कार्रवाई में जुटे रहे। टीम ने मीडिया से दूरी बनाए रखी और किसी भी प्रकार की आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की। इसके चलते कार्रवाई के उद्देश्य और जांच के दायरे को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। यह माना जा रहा है कि रीवा में स्टोन क्रेशर कारोबारी के यहां ईडी की छापामारी के तार यहां से जुड़ने की संभावना पर सीधी जिले में दो ठिकानों पर टीम पहुंची थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक अधिकारियों द्वारा संबंधित दस्तावेजों और अन्य आवश्यक अभिलेखों की जांच की गई। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए स्थानीय पुलिस का सहयोग भी लिया गया।

कुछ घंटे चली इस कार्रवाई के दौरान संबंधित परिसरों में आने-जाने वालों पर भी नजर रखी गई हालांकि देर शाम तक ईडी की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया था, जिसके कारण कार्रवाई से जुड़े तथ्यों का खुलासा नहीं हो सका। जिले में केंद्रीय जांच एजेंसी की अचानक हुई दस्तक ने लोगों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है। अब सभी की निगाहें ईडी की आधिकारिक जानकारी और आगे की कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

# विधानसभा अध्यक्ष तोमर कल सतना आएंगे

नवभारत न्यूज

**सतना 19 जून. मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर 21 जून को एक दिवसीय प्रवास पर सतना आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार विधानसभा अध्यक्ष 21 जून की प्रात: 2:30 बजे महाकौशल एक्सप्रेस से सतना पहुंचेंगे।**



सर्किट हाउस सतना में विश्राम के पश्चात स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं विशिष्ट जनों से भेंट करने के बाद विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर प्रात: 11 बजे सतना से धारकुंडी आश्रम के लिए प्रस्थान करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष अपरान्ह 4 बजे सतना वापस आकर टाउन हॉल सतना में रॉयल राजपूत संगठन द्वारा आयोजित महाराणा प्रताप जयंती समारोह एवं भव्य शौर्य यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष रात्रि 8:45 बजे सतना से रेवांचल एक्सप्रेस द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# कॉलेज से निकली युवती का अपहरण, आरोपी गिरफ्तार

## कई राज्यों में घुमाकर किया दुष्कर्म

नवभारत न्यूज

**देवसर 19 जून। थाना जियावन पुलिस ने एक गंभीर महिला संबंधी अपराध का खुलासा करते हुए युवती का अपहरण कर उसे विभिन्न राज्यों में ले जाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।**

पुलिस की तकनीकी जांच और साइबर सेल की मदद से पीड़िता को सकुशल बरामद कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जिला जेल पचौर भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार 29 मई को पीड़िता कॉलेज में परीक्षा देकर बाहर निकली थी, तभी आरोपी रवि कुशवाहा पिता दादूलाल कुशवाहा उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम धनहा थाना जियावन ने उसे धमकाकर जबरन कार में बैठा लिया और अपहरण कर फरार हो गया। उसी दिन पीड़िता के पिता ने थाना जियावन में पुत्री के लापता होने की सूचना दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने साइबर सेल के सहयोग से तकनीकी निगरानी शुरू की। जांच में पता चला कि आरोपी पीड़िता को सतना, रीवा, सीधी, शहडोल, बिलासपुर, विशाखापट्टनम होते हुए तिरुअनंतपुरम-केरल ले गया, जहां उसे बंधक बनाकर उसकी इच्छा के विरुद्ध कई बार दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने पीड़िता को सकुशल बरामद कर आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी उनि शेषनारायण दुबे, इंद्रपाल वर्मा, सउनि तेज बहादुर सिंह, आर दिनेश सिंह, खुम सिंह, विजेंद्र सिंह एवं थाना जियावन के समस्त स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99